विवरण

	पॉलिटेकनिकें		**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानें**
1.	राजकीय महिला पॉलिटेकनिकें अल्मोड़ा	1.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संथान (युवक) अल्मोड़ा भिताइ (मुख्य)
2.	राजकीय पॉलिटेकनिक, द्वारहाट जिला अल्मोड़ा	2.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) अल्मोड़ा (शाखा)
3.	राजकीय ग्रामीण पॉलिटेकनिक तकुंला, (जिला अल्मोड़ा)	3.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सियालदे (शाखा)
4.	राजकीय पॉलिटेकनिक, सुल्ट (जिला अल्मोड़ा)	4.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रानीखेत (शाख)
		5.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जयन्ती (मुख्य)
		6.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान काण्डा (मुख्य)
		7.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सदरकोइराल (मुख्य)
		8.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, धोलादेवी (मुख्य)
		9.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बाइट कार्नर अल्मोड़ा (मुख्य)
		10.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डौला (शाखा)

बाल विकास परियोजनाओं में बंरती गई अनियमितताएं

787. **श्री अजीत जोगी** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को बात विकास परियोजनाओं में बरती जा रही अनियमिताओं की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो उनका स्वरुप और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उपरोक्त परियोजनाओं के अंतर्गत बच्चों को दिया जाने वाला खाना घटिया किस्म का पाया है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार ने क्या कदम उठाये है?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री एस. आर. बोम्मई) : (क) से (घ) समेकित बाल विकास सेवा परियोजनाओं के कार्यान्वयन में कोई अनियमितता सरकार के ध्यान में नही आयी है। तथपि, पूरक पोषाहार में व्यवधान, आई. सी. डी. एस. से भिन्न कार्यो के लिए वाहनों के प्रयोग, उपकरणों का उपयोग न किये जाने तथा बाल विकास परियोजनाओं को घटिया खाद्यों की आपूर्ति किये जाने के संबंध में कभी-कभी शिकायतें प्राप्त होती रहती है। आवश्यक उपचारात्मक उपाय करने के लिए ऐसी शिकायतों को राज्य सरकारों के ध्यान में ला दिया जाता है। राज्य सरकार के अधिकरियों द्वारा निरीक्षणों के अलावा, खाद्य एंव पोषाहार बोर्ड की क्षेत्रीय इकाइयां भी समेकित बाल विकास सेवा स्कीम के अन्तर्गत प्रदत पूरक खाद्यों की गुणवता की जांच करती है। इन निरीक्षणो के निष्कषों को आवश्यक कार्रवाई हेतु राज्य सरकारों के ध्यान में लाया जाता है।